आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 29.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- संसद में आज पेश आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष में जी.डी.पी. वृद्धि दर 7 दशमलव 4 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए समानता संबंधी नियमों पर रोक लगाई।
- बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरूआत।
- विधि और विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा–प्रदेश के पहाड़ी और दुर्गम स्थानों पर न्यायालय खोलने के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास करेगी।

000

देश में वित्त वर्ष 2025–26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026–27 में वृद्धि दर छह दशमलव आठ से सात दशमलव दो प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह अनुमान आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त किया गया।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025–26 में वृद्धि की मजबूत गति को बनाए रखा है। पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें घरेलू मांग का महत्वपूर्ण योगदान है।

आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि अनुकूल मानसून परिस्थितियों के सहयोग से वित्त वर्ष 2025–26 में कृषि और संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि तीन दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित कुल महंगाई दर घटकर एक दशमलव सात प्रतिशत रह गई है, जिसका मुख्य कारण सब्जियों और दालों की कीमतों में सुधार रहा है।

केन्द्रीय बजट 2026–27 1 फरवरी को पेश किया जायेगा बजट से आमजन, किसानों और युवाओं को काफी उम्मीदें हैं। भीलवाड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश शर्मा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार की नई योजनाएं और महंगाई से राहत के प्रावधान होने चाहिए।

**000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। बजट सत्र के दूसरे दिन आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते से एक नया बाजार खुल गया है और देश के निर्माताओं को इसका लाभ उठाना चाहिए।

.........................

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते से भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योग के लिए नए बाजार खुलेंगे। भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम स्वरूप गर्ग ने इस समझौते के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से व्यापार में वृद्धि होगी।

गर्ग के अनुसार, भीलवाड़ा से होने वाला कपड़ा निर्यात सात हजार करोड़ मीटर से बढ़कर अब दस हजार करोड़ मीटर होने का अनुमान है। इस समझौते से स्थानीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज लोकसभा में राष्ट्रमंडल अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन–सीएसपीओसी  2026 के सफल आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 से 16 जनवरी तक आयोजित 28वां सीएसपीओसी सम्मेलन एक बड़ी सफलता साबित हुआ। श्री बिरला ने कहा कि यह सम्मेलन 16 वर्षों के अंतराल के बाद भारत में आयोजित किया गया।

.........................

**000**

सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता सर्वधन  नियम–2026 को स्थगित करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने नियमों पर कुछ आपत्तियां व्यक्त कीं, जिन्हें सामान्य वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया। न्यायालय ने सुझाव दिया कि प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा नियमों की समीक्षा की जानी चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ 2026 के विनियमों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने आदेश दिया कि इस बीच 2012 के यूजीसी विनियम लागू रहेंगे।

**000**

एसओजी ने आज कनिष्ठ अभियंता संयुक्त भर्ती परीक्षा–2021 के पेपर लीक मामले में एक सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि सितंबर 2021 में दुबारा आयोजित हुई इस परीक्षा का प्रश्नपत्र भी माफिया ने पहले ही लीक कर दिया था। जांच में सामने आया कि आरोपी गणपतलाल विश्नोई ने अवैध तरीके से परीक्षा पास की और वर्तमान में वह बाड़मेर में सार्वजनिक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत था। विशेष पुलिस दल ने इस मामले में जालौर निवासी जगदीश विश्नोई को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस इस संगठित गिरोह के पूरे नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश कर रही है।

000

विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए सत्ता पक्ष के विधायक पुष्पेंद्र सिंह ने सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। उन्होंने मनरेगा में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि की सराहना की। वहीं, विपक्ष की ओर से कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वितरण में देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों लाभार्थी महीनों से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। पलटवार करते हुए भाजपा विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए पेपर लीक गिरोहों पर कठोर कार्रवाई की है। सदन में चंदे और पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

000

विधि और विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज विधानसभा में कहा कि प्रदेश के पहाड़ी और दुर्गम स्थानों पर न्यायालय खोलने के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसाधनों की उपलब्धता और उच्च न्यायालय की अनुमति के बाद ही नए न्यायालय खोले जाएंगे। विधायक जब्बर सिंह सांखला के प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि बदनोर में वर्तमान में न्यायालय खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इसका कारण वहां लंबित प्रकरणों की संख्या निर्धारित मानदंड से कम होना है। श्री पटेल ने दोहराया कि राज्य सरकार आमजन को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

000

विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने पश्चिमी राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर और बाड़मेर जिलों में पिछले 15 वर्षों में 26 लाख से अधिक खेजड़ी के पेड़ काटे जा चुके हैं। विधायक ने सदन में दावा किया कि वर्तमान में 50 लाख और पेड़ काटने की तैयारी है। उन्होंने खेजड़ी को मरुस्थलीय क्षेत्र के जल, जीवन और जीविका का आधार बताते हुए प्रदेश में खेजड़ी संरक्षण कानून लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र के पर्यावरण और सामाजिक–आर्थिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से आज राजभवन में कश्मीर के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। "भारत दर्शन" कार्यक्रम के तहत आए इन विद्यार्थियों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कश्मीर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की आत्मा है। उन्होंने विविधता में एकता और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीनगर, पुलवामा और बारामुला से आए विद्यार्थियों ने राज्यपाल के साथ यात्रा के अनुभव साझा किए।

000

डूंगरपुर जिले में बेणेश्वर मेले का आज से शुभारंभ हुआ। बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद महाराज ने राधा–कृष्ण मंदिर पर ध्वजा फहराकर मेले की शुरुआत की। सोम, माही और जाखम नदियों के संगम पर आयोजित इस मेले में राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश से लोग पहुँच रहे हैं। प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 1 फरवरी को माघ पूर्णिमा पर मेले का मुख्य आयोजन होगा। इस दिन महंत की पालकी यात्रा निकाली जाएगी और श्रद्धालु शाही स्नान करेंगे।

000

जैसलमेर के पोकरण में आज मरु महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नेपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। महोत्सव के पहले दिन मिस पोकरण और मिस्टर पोकरण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रस्सा–कस्सी, ग्रामीण खेल, दौड़ और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।